सरयू राय
विधायक
जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र

आवास :
- एफ टाईप आवास सं.-1, PWD (IB) ए.जी. मोड़, डोरण्डा, राँची-834002
- क्वा. नं. 42, 'जे' रोड, बिष्टुपुर जमशेदपुर - 831001

दूरभाष : 0651-2480045
मोबाईल नं. : 9431114466
ई-मेल : saryuroyoffice@gmail.com
वेबसाईट : www.saryuroy.in

पत्रांक : 161/JSR/25

दिनांक : 02/04/2025

सेवा में,
उपायुक्त,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

विषय : मानगो जलापूर्ति परियोजना के सुचारू संचालन के लिए निर्धारित क्षमता का 5 अदद मोटर पम्प क्रय करने के संबंध में।

महाशय,

आप अवगत हैं कि मोटर पम्प पुराना हो जाने के कारण मानगो पेयजल परियोजना की पानी टंकी में समय पर पानी नहीं भर पा रहा है जिसके कारण उपभोक्ताओं के घरों पर पेयजलापूर्ति करने में कठिनाई हो रही है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के अनुसार परियोजना को पूरी क्षमता के साथ संचालन के लिए खराब पड़े मोटर पम्पों मे से करीब 5 मोटर पम्पों को बदलना निहायत जरूरी हो गया है। इस परियोजना के पेयजल आपूर्ति का जिम्मा पेयजल स्वच्छता विभाग का है परंतु वाटर चार्ज मानगो नगर निगम द्वारा वसूल किया जा रहा है एवं इसके रख रखाव पर भी खर्च मानगो नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। इससलिए वर्तमान में खराब हो चुके मोटर पम्पों में कम से कम 5 मोटर पम्पों को बदलकर नए मोटर पम्प खरीदने हेतु नगर निगम को आवश्यक निर्देश दिया जा सकता है।

अनुरोध है कि इस बारे में शीघ्र निर्णय लेना चाहेंगे ताकि गर्मी में उपभोक्ताओ के घरों तक पेयजलापूर्ति सुनिश्चित किया जा सके।

सधन्यवाद,

02-4-25

भवदीय
सरयू
सरयू राय